# कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष जिला बाल संरक्षण समिति

मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास, जिला–गरियाबंद (छ.ग.)
Email- lcpsgariaband@gmail.com

क्रमांक /336/मबावि./मि.वा.यो./ 2023–24 गरियाबंद, दिनांक 12 /07/2023

## //विज्ञापन//

**मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) में सहायक सह कम्प्युटर ऑपरेटर पद की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन**

छ.ग. राज्य बाल संरक्षणा समिति, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग नवा रायपुर अटल नगर का पत्र कमांक 1521/894/मबावि. एससीपीएस /2ए/23–24रायपुर दिनांक 19.05.2023 अंतर्गत किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 तथा संशोधित 2021 के प्रभावी कियान्वयन एवं बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए संचालित मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) में संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से दिनांक 25/07/2023 तक कार्यालयीन समय शाम 5:00 बजे तक **कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–गरियाबंद पिन–493889** में पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित है जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | आवेदित पद का नाम | श्रेणी | पदों की संख्या | एकमुश्त संविदा वेतन प्रतिमाह | Qualification |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक सह कम्प्युटर आपरेटर (DCPU) | अनारक्षित | 01 | 13240/- | **12th pass** from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma / Certificate in Computers. Weightage for work experience candidate |

उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्ते:–

1. संविदा नियुक्ति 02 वर्षो के लिए होगी। तत्पश्चात् कार्य योजना, कार्यक्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्ता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले के सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
4. अभ्यर्थी की आयु 01.01.2023 को न्यूनतम 18 वर्ष पूर्ण कर ली हो तथा 35 वर्ष के अधिक ना हो छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र कमांक /एफ 3–2/ 2015/1–3/एफ नया रायपुर दिनांक 30.01.2019 के अनुसार कैलेण्डर वर्ष 2023 की समाप्ति तक के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में 05 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। अन्य विशेष वर्गो के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी। आयु के समर्थन हेतु 10वीं की अंकसूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो। दस्तावेज सत्यापन के समय मूलप्रति एवं स्व–प्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।

CamScanner

5. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।
6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था /विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जावेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए।
7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची अनिवार्यः स्व प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए।
8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी एवं स्व प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। प्रमाण पत्र जारी कर्ता संस्था इस हेतु अधिकृत संस्था होनी चाहिए जिसकी पुष्टि कराने का दायित्व आवेदक का होगा तथा इसके अभाव में अनुभव पर अंक दिया जाना संभव नहीं होगा।
9. शासकीय /अर्द्धशासकीय /निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को आवेदन देने संबंधित जानकारी अपने नियोक्ता को देना होगा।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेगे तथा इसके संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नही दी जावेगी।
11. चयन हेतु तैयार की गई वरीयता सूची आगामी एक वर्ष के लिए वैध होगी। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा आवश्यकतानुसार पद रिक्त होने की स्थिति में अगले क्रम के नामों पर विचार किया जा सकेगा।
12. उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार आवेदन ना करें।
13. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम जिसके लिए आवेदित किया जा रहा है स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के बाये भाग में नीचे की ओर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए।
14. स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा।
15. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार होगें। आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।
16. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रकिया निम्नानुसार रहेगीः–

| पदनाम | चयन प्रकिया |
|---|---|
| सहायक सह कम्प्युटर ऑपरेटर (डीसीपीयू) | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुये अधिकतम 60 अंक।<br>2. पदानुरूप अनुभव (शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान से) 02 वर्ष से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 05 अंक निर्धारित रहेगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेगे।<br>3. टायपिंग एवं कम्प्युटर परीक्षा पर 15 अंक निर्धारित रहेंगे। (टायपिंग परीक्षा कम्प्युटर पर ली जावेगी) |

17. प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में संबंधित जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। जिला कलेक्टर के समक्ष समाधान हेतु प्रस्तुत हुए बिना आवेदक विवाद को न्यायालय नहीं ले जा सकेंगे।
18. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद के सूचना पटल पर एवं गरियाबंद जिले के बेवसाईट WWW.gariaband.gov.in पर देखी जा सकती है।

CamScanner

19. प्राप्त आवेदन पत्रों का स्कूटिनी पश्चात् पात्र/अपात्र की सूची जारी की जाएगी। पात्र अभ्यर्थियों को स्वीकृत रिक्त पद के विरूद्ध 1:10 के अनुपात में स्किल टेस्ट हेतु अभ्यार्थियों को मेल एवं एसएमएस से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाईल न. का उल्लेख आवेदन पत्र में किया जावे।

20. आवेदक का आवेदन दिनांक 25.07. 2023 को सायं 05:00 बजे तक **कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–गरियाबंद पिन–493889** के पते पर अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

21. मापदण्ड़ों के अनुरूप पात्र आवेदक ना मिलने की स्थिति में जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित मापदण्डों में शिथिलीकरण करने पर विचार कर सकती है।

22. कम्प्युटर अर्हता हेतु निम्नांकित को ही सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ–9–4/2015/1/3/दिनांक 23.01.2015 के अनुसार मान्यता है।

1. मान्यता प्राप्त आईटीआई से कम्प्युटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व्यवसाय में एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट।
2. मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्नोलॉजी एजुकेशन /राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्युटर साईन्स/इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी/मार्डन ऑफिस मैनेजमेन्ट का डिप्लोमा (2वर्ष से अन्यून)
3. वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा /डीम्ड यूनिवर्सिटी/द्वारा प्रदत्त कम्प्युटर साइन्स /इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी/कम्प्युटर एप्लीकेशन में पी.जी. डिप्लोमा अथवा स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपधि।
4. मान्यता प्राप्त संस्थानों से डी.सी.ए/पी.जी.डीसीए. उत्तीर्ण।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला–गरियाबंद

CamScanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं द्वारा अभि प्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटों पर हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र मे होना चाहिए चस्पा करें।

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला– गरियाबंद (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :–..........................................................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :–..........................................................................
(अंग्रेजी में) :–..........................................................................

3. पिता/पति का नाम :–..........................................................................

4. स्थायी पता :–..........................................................................
..........................................................................

5. (पत्र व्यवहार का पता) :–..........................................................................
..........................................................................
दूरभाष/मो.नं...........................................................................

6. जन्मतिथि (अंको में) :–..........................................................................
(शब्दो में) :–..........................................................................

7. दिनांक 01/01/2023 को आयु :–..........................................................................

8. लिंग पुरूष/महिला :–..........................................................................

9. जाति/वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति.............................वर्ग.........................

10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत हैं ? ..........................................

11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यत्ता :–..........................................................................

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि व जीवित बच्चों की संख्या :–..................................

13. शैक्षणिक योग्यता:– (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

CamScanner

14. अन्य योग्यता :–.............................................................................................

15 अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :–.............................................................................

| संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची:–
   1. जन्म तिथि हेतु 10 वीं की अंकूसची/प्रमाण पत्र
   2. 12 वीं अंकसूची
   3. व्यवसायिक पाठ्यकम का प्रमाण पत्र
   4. मूल निवास प्रमाण पत्र।
   5. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र।
   6. पहचान पत्र/आधार कार्ड/वोटर आईडी इत्यादि।
   7. एक लिफाफा जिसमे स्वयं का पता लिखा व 10 रू डाक टिकट सहित।

**17. अन्य संलग्नकों का विवरण**

1......................................2......................................3......................................

4......................................5......................................6......................................

7......................................8......................................9......................................

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम**

**//घोषणा पत्र//**

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**स्थान:–** ..........................

**दिनांक:–** ..........................

CamScanner